19. ई–नीलामी समाप्त होने के पश्चात 03 कार्य दिवस के अन्दर सफल बोलीदाता को अपने मूल अभिलेख का सत्यापन जिलाधिकारी, प्रयागराज के द्वारा अथवा निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ के द्वारा कराना होगा। निदेशक द्वारा मूल अभिलेखों के सत्यापन की स्थिति में अभिलेख–सत्यापन की आज्ञा ई–मेल के माध्यम से सम्बन्धित जिलाधिकारी को प्रेषित की जायेगी। अभिलेख सत्यापन के पश्चात ही जिलाधिकारी द्वारा आशय पत्र (लेटर ऑफ इन्टेंट) जारी किया जायेगा। सत्यापन में यदि कोई अभिलेख अथवा प्रमाण पत्र कूटरचित, असत्य अथवा गलत पाया जाता है तो लेटर आफ इन्टेंट जारी नहीं किया जायेगा तथा बयाने की धनराशि (अर्नेस्ट मनी) जब्त कर ली जायेगी।

20. लेटर आफ इन्टेंट में निम्न विवरण होंगे :–

(1) प्रथम वर्ष के लिए देय नीलामी धनराशि की गणना पट्टा क्षेत्र/खण्ड के लिए विज्ञप्ति में आंकलित मात्रा (घनमीटर) को ई–निविदा/ई–नीलामी की दर (रूपया प्रति घनमीटर) से गुणा कर निकाली जायेगी। खनन पट्टा के अनुवर्ती वर्षों में प्रत्येक वर्ष पिछले वर्ष की नीलामी की देय धनराशि पर 10 प्रतिशत की वृद्धि की जायेगी।

(2) सफल बोलीदाता/निविदादाता पट्टे की निर्बन्धनों और शर्तों का यथोचित पालन करने के लिए प्रतिभूति के रूप में प्रथम वर्ष के लिए बोली/निविदा की सकल धनराशि का 25 प्रतिशत और स्वामित्व की पहली किश्त के रूप में प्रथम वर्ष के लिए बोली/निविदा की सकल धनराशि का 20 प्रतिशत दो कार्य दिवस के अन्दर जमा करेगा। बयाने की धनराशि (अर्नेस्ट मनी) प्रथम किश्त में समायोजित कर ली जायेगी।

(3) पट्टे के प्रथम वर्ष की शेष किश्तें एवं अनुवर्ती वर्षों में बोली/निविदा के आधार पर प्रथम वर्ष के लिए निर्धारित सकल धनराशि पर प्रत्येक वर्ष विगत वर्ष से 10 प्रतिशत वृद्धि के साथ नियमावली–1963 के पंचम अनुसूची के अनुसार जमा की जायेंगी। पूर्व के परिहारधारकों द्वारा पंचम अनुसूची प्रक्रिया अन्तर्गत धनराशि जमा करने के अनुरोध पर जिलाधिकारी द्वारा कार्यवाही की जायेगी।

(4) पट्टाधारक नियम–17के प्रावधानों के अनुसार क्षेत्र का सीमांकन करायेगा, जिसमें सीमा बिन्दुओं का जियोकोआर्डिनेट भी इंगित किया जायेगा तथा नियम–35 के अनुसार सीमा–स्तम्भ लगायेगा और इसका अनुरक्षण करेगा।

(5) चयनित आवेदक नियम–34 के प्राविधानों के अन्तर्गत निर्धारित अवधि के अन्दर खनन योजना, माइन्स प्लेलोजर प्लान एवं पर्यावरण अनापत्ति प्राप्त कर उसे प्रस्तुत करेगा।

(6) प्रत्येक पट्टाधारक द्वारा नियम–34 के अनुसार क्षेत्र के भूमि–उद्धार और पुनर्वासन उपाय हेतु वित्तीय आश्वासन की धनराशि निर्धारित रीति से जमा करेगा।

(7) आशय पत्र (लेटर ऑफ इन्टेंट) जारी होने के एक माह के भीतर अनुमोदन हेतु देय प्रतिभूति एवं प्रथम किश्त की धनराशि जमा के प्रमाण सहित खनन योजना निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा तथा अनुमोदित खनन योजना प्राप्त होने के एक माह के भीतर सक्षम प्राधिकरण के समक्ष पर्यावरण स्वच्छता प्रमाण पत्र हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।

(8) पर्यावरण स्वच्छता प्रमाण पत्र प्राप्ति के एक माह के भीतर पट्टा विलेख का निष्पादन कराकर खनन क्रिया तत्काल प्रारम्भ की जानी होगी।

True copy

(9) नियम–34(4) के अन्तर्गत पर्यावरण की स्वीकृति की प्रक्रिया के दौरान अपेक्षित समयावधि में, सक्षम प्राधिकारी द्वारा लगायी गयी आपत्तियों का परियोजना प्रस्तावक द्वारा समाधान करना अनिवार्य होगा। नियम–34(4) के उल्लंघन की दशा में जिला मजिस्ट्रेट द्वारा नियम–59(7) के अन्तर्गत जारी लोटर ऑफ इन्टेन्ट निरस्त किया जा सकता है।

(10) नियम–34(5) के अन्तर्गत पर्यावरण अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत होने के उपरान्त एक माह के भीतर पट्टा विलेख का निष्पादन करना अनिवार्य होगा। नियम–34(5) के उल्लंघन की दशा में प्रस्तावक द्वारा जमा प्रथम किश्त एवं प्रतिभूति धनराशि समपृहत करते हुए जारी लेटर ऑफ इन्टेन्ट निरस्त किया जायेगा।

21. सफल बोलीदाता/निविदादाता द्वारा धनराशि जमा करने की रीतिः

1. स्वीकृत पट्टे की अवधि 05 वर्ष होगी, परन्तु बोली/निविदा की धनराशि प्रथम वर्ष के लिए मानी जायेगी। जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित मात्रा यदि पर्यावरण स्वच्छता प्रमाण–पत्र में अनुमन्य मात्रा से भिन्न होने पर पर्यावरण स्वच्छता प्रमाण–पत्र की मात्रा अनुमन्य होगी। पट्टा क्षेत्र हेतु अनुमन्य मात्रा को प्रथम वर्ष के लिए प्राप्त बोली की दर से गुणा कर प्रथम वर्ष हेतु ई–नीलामी की धनराशि निर्धारित की जायेगी। अनुवर्ती वर्षों में प्रत्येक वर्ष पिछले वर्ष की दर पर 10 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि की जायेगी तथा तद्नुसार प्रथम वर्ष एवं अनुवर्ती वर्षों के लिए पट्टा धनराशि नियमावली–1963 के पंचम अनुसूची के अनुसार पट्टा धारक द्वारा जमा की जायेगी।
2. लेटर ऑफ इन्टेंट प्राप्त होने के उपरान्त सफल बोलीदाता/निविदादाता द्वारा 25 प्रतिशत प्रतिभूत जमा एवं 20 प्रतिशत प्रथम किश्त अर्थात् पट्टे के प्रथम वर्ष के लिए निर्धारित पट्टा धनराशि का 45 प्रतिशत के समतुल्य धनराशि जनपद प्रयागराज में खनन विभाग के निर्धारित लेखाशीर्षक 0853 अलौह खनन एवं धातु कर्म उद्योग में लेटर ऑफ इन्टेंट जारी होने के दो कार्य दिवसों के अन्दर प्री बिड अर्नेस्टमनी समायोजित करते हुए जमा किया जाना होगा तथा जमा चालान की मूल प्रति कार्यालय जिलाधिकारी, प्रयागराज, खनन अनुभाग को प्रेषित करना होगा। प्री बिड अर्नेस्ट मनी की धनराशि एम0एस0टी0सी0 द्वारा जनपद प्रयागराज के जिलाधिकारी को चेक/ड्राफ्ट के माध्यम से अथवा ऑनलाइन हस्तांतरित की जायेगी। यदि सफल बोलीदाता/निविदादाता उक्त धनराशि जमा करने में असफल होता है, तो उसके द्वारा जमा अर्नेस्टमनी जब्त कर ली जायेगी और उसके द्वारा इस सम्बन्ध में कोई शिकायत अथवा प्रत्यावेदन विचार योग्य नहीं होगा।
3. प्रथम वर्ष की शेष 80 प्रतिशत पट्टा धनराशि एवं आगामी वर्षों के लिए पट्टा धनराशि नियमावली में निर्धारित पंचम अनुसूची के अनुसार पट्टाधारक द्वारा जमा की जायेगी। उक्त अनुसूची में नियत तिथि के अनुसार देय धनराशि जमा न करने की दशा में नियम–58 के अनुसार देय धनराशि ब्याज सहित वसूल की जायेगी।
4. पट्टाधारक द्वारा राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार द्वारा समय–समय पर निर्धारित कर एवं शुल्क यथा आयकर विभाग का टी0सी0एस0, जिला खनिज फाउण्डेशन (डी0एम0एफ0) आदि नियमानुसार जमा किया जायेगा।

True copy

22. शर्तें:–

1. ई–निविदा सह ई–नीलामी में भाग लेने से पूर्व क्षेत्र/खण्ड में आंकलित उपखनिज की मात्रा एवं खनन स्थल के लिए पहुँच मार्ग आदि के सम्बन्ध में मौके का निरीक्षण कर बिडर स्वयं आश्वस्त हो लें। ई–निविदा सह ई–नीलामी में भाग लेने के पश्चात इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।
2. पट्टे के अधीन दिये गये क्षेत्र के सर्वेक्षण और सीमांकन के समय सीमांकित मानचित्र पर खनन पट्टा क्षेत्र का कॉर्डिनेट्स अंकित किया जायेगा तथा पट्टा विलेख निष्पादन करने के पूर्व पट्टाधारक अपने स्वयं के व्यय पर ऐसे सीमा चिन्ह को और खम्भों को लगायेगा जो पट्टा विलेख से संलग्न नक्शे में दर्शायें गये सीमांकन को इंगित करने के लिए आवश्यक होगा।
3. पट्टाविलेख के निष्पादन के दिनांक से तत्काल खनन संक्रियायें प्रारम्भ करेगा और तत्पश्चात जान बूझकर कोई स्थगन किये बिना ऐसी खनन संक्रियाओं का संचालन उचित और दक्षतापूर्ण रीति से कुशल कारीगर की भाति करेगा।
4. पट्टाधारक नियम–35 के अनुसार वाहनों के प्रवेश व निकासी पर निगरानी के लिए स्वयं के व्यय पर 360 डिग्री कोण पर दृश्यता रिकार्डिंग के योग्य चार पी0टी0जेड सी0सी0टी0वी0 कैमरा लगाने सहित चेक पोस्ट/गेट का निर्माण करेंगा। पट्टाधारक उक्त चेक पोस्ट/गेट पर आर0एफ0आई0डी0 स्कैनर भी रखेगा, जिससे सम्बन्धित खनन पट्टा क्षेत्र से उपखनिजों के परिवहन हेतु प्रत्येक वाहन के सापेक्ष निर्गत किये गये ई–प्रपत्र एम0एम0–11 पर अंकित बार कोड का डाटा पढ़ने और सुरक्षित रखने की सुविधा होगी और उसका समुचित रूप से रख–रखाव करेगा एवं सदैव उसे चालू रूप में अनुरक्षित रखेगा। पट्टाधारक उक्त सी0सी0टी0वी0 कैमरे और आर0एफ0आई0डी0 स्कैनरों द्वारा की गयी समस्त रिकार्डिंग को कम से कम 30 दिनों तक सुरक्षित रखेगा और नियम–66 के उपबन्धों के अधीन प्राधिकृत अधिकारी के द्वारा रिकार्ड मांगे जाने पर उक्त रिकार्डिंग को उपलब्ध करायेगा।
5. पट्टाधारक प्रत्येक वाहन को ई–एम0एम0–11 सही विवरण सहित जारी करेगा। प्रत्येक वाहनों को निर्गत ई–एम0एम0–11 पर जनित बार कोड को चेक गेट पर पढ़ने तथा दर्ज डाटा सेव करने के लिए आर0एफ0आई0डी0 स्कैनर लगायेगा तथा सदैव उसका अनुरक्षण करेगा और उन्हें सही एवं चालू दशा में रखेगा। उक्त का अनुपालन न करने की दशा में नियमावली–1963 के नियम–59 के अन्तर्गत शास्ति का भागीदार होगा।
6. पट्टेदार 03 मीटर की गहराई अथवा जलस्तर में से जो कम हो, से अधिक गहराई में खनन संक्रियायें नहीं करेगा।
7. जिलाधिकारी द्वारा चिन्हित सुरक्षा क्षेत्र में खनन नहीं किया जायेगा।
8. नदी की जल धारा में सक्शन मशीन, लिफ्टर आदि मशीनों द्वारा एवं अन्य किसी भी माध्यम से खनन कार्य नहीं किया जायेगा।
9. ई–निविदा में प्रतिभाग करने से पूर्व खनन संक्रिया की साध्यता के विषय में मौके का स्वयं निरीक्षण कर ई–निविदादाता अवश्य ही आश्वस्त हो लें। ई–निविदा में प्रतिभाग करने का स्पष्ट आशय है कि ई–निविदा हेतु विज्ञापन में दर्शित खनिज की मात्रा, खनन क्रिया की साध्यता, खनन स्थल तक पहुँच मार्ग की उपलब्धता आदि के विषय में बिडर को कोई आपत्ति नहीं है।
10. स्वीकृत क्षेत्र के अन्दर जहाँ परिवहन प्रपत्र निर्गत किया जायेगा वहाँ पर खनिजों का विक्रय मूल्य प्रदर्शित करेगा।
11. यदि पट्टाधारक द्वारा नियमों, खनन पट्टा, पर्यावरण स्वच्छता प्रमाण पत्र, खनन योजना आदि की शर्तों का उल्लंघन किया जाता है तो पट्टेदार को अपना मामला बतानें की युक्ति–युक्त अवसर प्रदान करने के पश्चात जिलाधिकारी अथवा राज्य सरकार द्वारा पट्टा समाप्त किया जा सकता है।

True copy

12. मा0 उच्च न्यायालय, मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण अथवा मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों का पालन किया जायेगा।
13. नियमों एवं शर्तों के उल्लंघन के परिणामस्वरूप यदि कोई वाद अथवा आपराधिक प्रक्रिया योजित होती है तो इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी पट्टाधारक की होगी एवं यदि इस सम्बन्ध में कोई व्यय होता है तो उसका वहन पट्टाधारक द्वारा किया जायेगा।
14. राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार द्वारा यदि नियमों/अधिनियमों में कोई संशोधन होता है अथवा कोई शर्त अथवा विधि प्रख्यापित की जाती है तो वह पट्टाधारकों को मान्य होगा।
15. सार्वजनिक सड़क, जलाशय, नहर, रेलवे/रेलवे लाईन, निवसित स्थल से 50 मीटर तथा नदी पर बने पुल से न्यूनतम 200 मीटर की दूरी के अन्दर कोई खनन कार्य नहीं किया जायेगा।
16. प्रस्तावक पर्यावरण स्वच्छता प्रमाण पत्र प्राप्त कर कार्यालय में जमा करने के उपरान्त खनन पट्टा विलेख निष्पादित कराकर ही खनन कार्य प्रारम्भ करेगा।
17. स्थानीय स्थिति तथा परिवेश को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर अन्य शर्तें जो जिलाधिकारी, प्रयागराज एवं निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म, उ0प्र0 द्वारा उचित समझी जायेगी उसे लागू किया जायेगा, जो पट्टाधारक को मान्य होगी।
18. विज्ञापित क्षेत्रों के सम्बन्ध में पट्टा स्वीकृति की कार्यवाही मा0 उच्च न्यायालय, मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण एवं मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के अधीन होगा।
19. पट्टा समाप्ति के उपरान्त पर्यावरणीय स्वीकृति अनुवर्ती प्रस्तावक को अन्तरित किये जाने में प्रस्तावक को कोई आपत्ति नहीं होगी।

30/05/2020
(भानु चन्द्र गोस्वामी)
जिलाधिकारी, प्रयागराज।

पत्रांक 288 /खनिज/2020-21 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रमुख सचिव, भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2. निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
3. आयुक्त, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।
4. निदेशक, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को दो दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने हेतु।
5. प्रभारी अधिकारी, भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय, प्रयागराज।
6. समस्त उपजिलाधिकारी, प्रयागराज को तहसील के सूचना पट पर प्रदर्शित करने हेतु।
7. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, प्रयागराज।
8. शाखा प्रबन्धक, एम0एस0टी0सी0 लिमिटेड, द्वितीय तल, सेन्टर कोर्ट बिल्डिंग 3/सी.5 पार्करोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ।
9. जिला सूचना अधिकारी, प्रयागराज को व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु।
10. अध्यक्ष नगर पंचायत, प्रयागराज।
11. अध्यक्ष जिला पंचायत, प्रयागराज।
12. नाजिर सदर, कलेक्ट्रेट, प्रयागराज को सूचना पट पर चस्पा करने हेतु।

30/05/2020
(भानु चन्द्र गोस्वामी)
जिलाधिकारी, प्रयागराज।

True copy

Scanned with CamScanner

ANNEXURE R-2

(41) 2

कार्यालय जिलाधिकारी प्रयागराज।

(खनन अनुभाग)

पत्रांक 907 /खनिज/2020–21 दिनांक 11/06/2020

आशय–पत्र (Letter of Intent)

श्री रविशंकर शुक्ला पुत्र श्री परमानन्द शुक्ला
निवासी–सरायकाजी कादन उर्फ मियॉपुर,
थाना–लाईन बाजार, जनपद–जौनपुर।

शासनादेश संख्या–1875/86–2017–57(सा0)/20 टी0सी0–1, भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ, दिनांक 14.08.2017 एवं अनुवर्ती शासनादेश संख्या–2168/86–2019–57(सामा0)/2017 दिनांक 09.10.2019 में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में इस कार्यालय के पत्र संख्या–288/खनिज/2020–21 दिनांक 30.05.2020 द्वारा जनपद प्रयागराज के नदी तल में उपलब्ध साधारण बालू के कुल 04 रिक्त क्षेत्रों को ई–निविदा खोले जाने व ई–नीलामी की कार्यवाही को सम्पन्न करने के लिए उ0प्र0 उपखनिज(परिहार) नियमावली–1963 के अध्याय–4 के अन्तर्गत खनन परिहार पर स्वीकृत किये जाने हेतु घोषित/विज्ञापित किया गया था। सेवा प्रदाता संस्था एम0एस0टी0सी0 लि0 (भारत सरकार का उपक्रम) द्वारा सम्पादित ई–निविदा सह ई–नीलामी की प्रक्रिया के दूसरे चरण की समाप्ति के उपरान्त निम्नलिखित विवरण के अनुसार आपकी बोली सर्वोच्च पायी गयी है:–

विवरण

क्षेत्र का विवरण								वार्षिक आंकलित खनन योग्य साधारण बालू की मात्रा (घनमीटर/वर्ष)
तहसील	ग्राम	नदी	खण्ड संख्या	क्षेत्रफल (हेक्टेयर)	जियोक्वार्डिनेट्स			
					अक्षांश		देशान्तर	
1	2	3	4	5	6		7	8
करछना	मड़ौका, मीरकपुर, महेवा पट्टी (पश्चिम)	यमुना	16	8.00	A	25° 24.614'N	81° 49.506'E	1,60,000
					B	25° 24.720'N	81° 49.410'E	
					C	25° 24.831'N	81° 49.576'E	
					D	25° 24.718'N	81° 49.663'E	

ई–नीलामी बोली में प्राप्त सर्वोच्च दर (रू0/ घनमीटर)	प्रथम वर्ष हेतु निर्धारित नीलामी पट्टा की सकल धनराशि (रू0)	प्रथम वर्ष हेतु निर्धारित नीलामी पट्टा की सकल धनराशि का 45 प्रतिशत (जिसमें प्रथम वर्ष हेतु निर्धारित नीलामी पट्टा की सकल धनराशि का 20 प्रतिशत प्रथम किस्त के रूप में एवं प्रथम वर्ष हेतु निर्धारित नीलामी पट्टा की सकल धनराशि का 25 प्रतिभूति के रूप मे शामिल है) के समतुल्य धनराशि (रू0)	जमा प्रीबिड अर्नेस्ट मनी (रू0) में)	प्रीबिड अर्नेस्ट मनी समायोजित होने के उपरान्त जमा किये जाने वाली धनराशि (रू0 में)
09	10	11	12	13
238.00	3,80,80,000.00	1,71,36,000.00	26,00,000.00	1,45,36,000.00

ई–मेल के माध्यम से एम0एस0टी0सी0 लि0 द्वारा दी गयी सूचना के आधार पर आप द्वारा इस कार्यालय में प्रस्तुत अभिलेख प्रथम दृष्टया सही पाये गये है।

अतः उपरोक्त विवरण के अनुसार साधारण बालू खण्ड संख्या–16 (मड़ौका, मीरकपुर, महेवा पट्टी पश्चिम) रकबा–8.00 हेक्टेयर हेतु उ0प्र0 उपखनिज (परिहार) नियमावली–1963 के अध्याय–4 के अन्तर्गत खनन पट्टा दिये जाने हेतु आशय पत्र (Letter of Intent) निम्नलिखित शर्तों के साथ निर्गत की जा रही है :–

True copy

Scanned with CamScanner

शर्तें:–

1. प्रथम वर्ष के लिए देय नीलामी धनराशि की गणना पट्टा क्षेत्र/खण्ड के लिए विज्ञप्ति में आंकलित मात्रा **160,000 (घनमीटर)** को ई–निविदा/ई–नीलामी की **दर 238.00 (रूपया प्रति घनमीटर)** से गुणा कर निकाली गयी है। खनन पट्टा के अनुवर्ती वर्षों में प्रत्येक वर्ष पिछले वर्ष की नीलामी की देय धनराशि पर 10 प्रतिशत की वृद्धि की जायेगी।
2. लेटर ऑफ इन्टेंट प्राप्त होने के उपरान्त सफल बोलीदाता/निविदादाता द्वारा 25 प्रतिशत प्रतिभूत जमा एवं 20 प्रतिशत प्रथम किश्त अर्थात् पट्टे के प्रथम वर्ष के लिए निर्धारित पट्टा धनराशि का 45 प्रतिशत **(तालिका कॉलम–11 के अनुसार)** के समतुल्य धनराशि निर्धारित लेखाशीर्षक 0853 अलौह खनन एवं धातु कर्म उद्योग में लेटर ऑफ इन्टेंट जारी होने के **दो कार्य दिवसों** के अन्दर प्री बिड अर्नेस्टमनी समायोजित करते हुए जमा किया जाना होगा तथा जमा चालान की मूल प्रति कार्यालय जिलाधिकारी, प्रयागराज, खनन अनुभाग को प्रेषित करना होगा। प्री बिड अर्नेस्ट मनी की धनराशि एम0एस0टी0सी0 द्वारा जनपद प्रयागराज के जिलाधिकारी को चेक/ड्राफ्ट के माध्यम से अथवा ऑनलाइन हस्तांतरित की जायेगी। यदि निर्धारित अवधि में सफल बोलीदाता/निविदादाता **कॉलम–13** में दी गयी उक्त धनराशि जमा करने में असफल होता है, तो निर्गत आशय पत्र (Letter of Intent) निरस्त करते हुये उसके द्वारा जमा अर्नेस्टमनी जब्त कर ली जायेगी और उसके द्वारा इस सम्बन्ध में कोई शिकायत अथवा प्रत्यावेदन विचार योग्य नहीं होगा।
3. पट्टे के प्रथम वर्ष की शेष किश्ते एवं अनुवर्ती वर्षों में बोली/निविदा के आधार पर प्रथम वर्ष के लिए निर्धारित सकल धनराशि पर प्रत्येक वर्ष विगत वर्ष से 10 प्रतिशत वृद्धि के साथ नियमावली–1963 के पंचम अनुसूची के अनुसार जमा की जायेगी।
4. चयनित आवेदक नियम–17 के प्रावधानों के अनुसार क्षेत्र का सीमांकन करायेगा, जिसमें सीमा बिन्दुओं का जियोकोआर्डिनेट भी इंगित किया जायेगा तथा नियम–35 के अनुसार सीमा–स्तम्भ लगायेगा और इसका अनुरक्षण करेगा।
5. चयनित आवेदक नियम–34 के प्राविधानों के अन्तर्गत निर्धारित अवधि के अन्दर खनन योजना, माइन्स क्लोजर प्लान एवं पर्यावरण अनापत्ति प्राप्त कर उसे प्रस्तुत करेगा।
6. चयनित आवेदक द्वारा नियम–34 के अनुसार क्षेत्र के भूमि–उद्धार और पुनर्वासन उपाय हेतु वित्तीय आश्वासन की धनराशि निर्धारित रीति से जमा करेगा।
7. आशय पत्र (लेटर ऑफ इन्टेंट) जारी होने के एक माह के भीतर अनुमोदन हेतु देय प्रतिभूति एवं प्रथम किश्त की धनराशि जमा के प्रमाण सहित खनन योजना निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा तथा अनुमोदित खनन योजना प्राप्त होने के एक माह के भीतर सक्षम प्राधिकरण के समक्ष पर्यावरण स्वच्छता प्रमाण पत्र हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।
8. नियम–34(4) के अन्तर्गत पर्यावरण की स्वीकृति की प्रक्रिया के दौरान अपेक्षित समयावधि में, सक्षम प्राधिकारी द्वारा लगायी गयी आपत्तियों का परियोजना प्रस्तावक द्वारा समाधान करना अनिवार्य होगा। नियम–34(4) के उल्लंघन की दशा में जिलाधिकारी द्वारा नियम–59(7) के अन्तर्गत जारी लोटर ऑफ इन्टेन्ट निरस्त किया जा सकता है।
9. नियम–34(5) के अन्तर्गत पर्यावरण स्वच्छता प्रमाण पत्र निर्गत होने के उपरान्त एक माह के भीतर पट्टा विलेख का निष्पादन करना अनिवार्य होगा। नियम–34(5) के उल्लंघन की दशा में प्रस्तावक द्वारा जमा प्रथम किश्त एवं प्रतिभूति धनराशि समपृहत करते हुए जारी लेटर ऑफ इन्टेन्ट निरस्त किया जायेगा।
10. आशय पत्र में दी गयी शर्तों के अनुसार निर्धारित समयावधि में प्रथम वर्ष के लिए निर्धारित नीलामी पट्टा की सकल धनराशि का कुल 45 प्रतिशत के समतुल्य धनराशि जमा कर, अनुमोदित खनन योजना एवं पर्यावरण स्वच्छता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के उपरान्त ही आपके पक्ष में खनन पट्टा स्वीकृति/विलेख के सम्बन्ध में अन्य अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी।
11. **ई–निविदा सह ई–नीलामी में भाग लेने से पूर्व क्षेत्र/खण्ड में आंकलित उपखनिज की मात्रा एवं खनन स्थल के लिए पहुँच मार्ग आदि के सम्बन्ध में मौके का निरीक्षण कर आप द्वारा आश्वस्त हो कर ही ई–निविदा सह ई–नीलामी में भाग लिया गया है, भाग लेने के पश्चात इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।**
12. पट्टे के अधीन दिये गये क्षेत्र के सर्वेक्षण और सीमांकन के समय सीमांकित मानचित्र पर खनन पट्टा क्षेत्र का कॉर्डिनेट्स अंकित किया जायेगा तथा पट्टा विलेख निष्पादन करने के पूर्व पट्टाधारक अपने स्वयं के व्यय पर ऐसे सीमा चिन्ह को और खम्भों को लगायेगा जो पट्टा विलेख से संलग्न नक्शे में दर्शायें गये सीमांकन को इंगित करने के लिए आवश्यक होगा।
13. पट्टाविलेख के निष्पादन के दिनांक से तत्काल खनन संक्रियायें प्रारम्भ किया जाना होगा और तत्पश्चात जान बूझकर कोई स्थगन किये बिना ऐसी खनन संक्रियाओं का संचालन उचित और दक्षतापूर्ण रीति से कुशल कारीगर की भाति करेगा।

True copy

Scanned with CamScanner

14. चयनित आवेदक नियम–35 के अनुसार वाहनों के प्रवेश व निकासी पर निगरानी के लिए स्वयं के व्यय पर 360 डिग्री कोण पर दृश्यता रिकार्डिंग के योग्य चार पी0टी0जेड सी0सी0टी0वी0 कैमरा लगाने सहित चेक पोस्ट/गेट का निर्माण करेगा। पट्टाधारक उक्त चेक पोस्ट/गेट पर आर0एफ0आई0डी0 स्कैनर भी रखेगा, जिससे सम्बन्धित खनन पट्टा क्षेत्र से उपखनिजों के परिवहन हेतु प्रत्येक वाहन के सापेक्ष निर्गत किये गये ई–प्रपत्र एम0एम0–11 पर अंकित बार कोड का डाटा पढ़ने और सुरक्षित रखने की सुविधा होगी और उसका समुचित रूप से रख–रखाव करेगा एवं सदैव उसे चालू रूप में अनुरक्षित रखेगा। पट्टाधारक उक्त सी0सी0टी0वी0 कैमरे और आर0एफ0आई0डी0 स्कैनरों द्वारा की गयी समस्त रिकार्डिंग को कम से कम 30 दिनों तक सुरक्षित रखेगा और नियम–66 के उपबन्धों के अधीन प्राधिकृत अधिकारी के द्वारा रिकार्ड मांगे जाने पर उक्त रिकार्डिंग को उपलब्ध करायेगा।

15. चयनित आवेदक प्रत्येक वाहन को ई–एम0एम0–11 सही विवरण सहित जारी करेगा। प्रत्येक वाहनों को निर्गत ई–एम0एम0–11 पर जनित बार कोड को चेक गेट पर पढ़ने तथा दर्ज डाटा सेव करने के लिए आर0एफ0आई0डी0 स्कैनर लगायेगा तथा सदैव उसका अनुरक्षण करेगा और उन्हें सही एवं चालू दशा में रखेगा। उक्त का अनुपालन न करने की दशा में नियमावली–1963 के नियम–59 के अन्तर्गत शास्ति का भागीदार होगा।

16. चयनित आवेदक 03 मीटर की गहराई अथवा जलस्तर में से जो कम हो, से अधिक गहराई में खनन संक्रियायें नहीं करेगा। नदी की जल धारा में सक्शन मशीन, लिफ्टर आदि मशीनों द्वारा खनन कार्य नहीं किया जायेगा।

17. जिलाधिकारी द्वारा चिन्हित सुरक्षा क्षेत्र में खनन नही किया जायेगा।

18. स्वीकृत क्षेत्र के अन्दर जहाँ परिवहन प्रपत्र निर्गत किया जायेगा वहाँ पर खनिजों का विक्रय मूल्य प्रदर्शित करेगा।

19. यदि चयनित आवेदक द्वारा नियमों, खनन पट्टा, पर्यावरण स्वच्छता प्रमाण पत्र, खनन योजना आदि की शर्तों का उल्लंघन किया जाता है तो पट्टेदार को अपना मामला बताने की युक्ति–युक्त अवसर प्रदान करने के पश्चात जिलाधिकारी अथवा राज्य सरकार द्वारा पट्टा समाप्त किया जा सकता है तथा उसका नाम काली सूची में डाल दिया जायेगा।

20. मा0 उच्च न्यायालय, मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण अथवा मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों का पालन किया जायेगा।

21. नियमों एवं शर्तों के उल्लंघन के परिणामस्वरूप यदि कोई वाद अथवा आपराधिक प्रक्रिया योजित होती है तो इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी पट्टाधारक की होगी एवं यदि इस सम्बन्ध में कोई व्यय होता है तो उसका वहन पट्टाधारक द्वारा किया जायेगा।

22. राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार द्वारा यदि नियमों/अधिनियमों में कोई संशोधन होता है अथवा कोई शर्त अथवा विधि प्रख्यापित की जाती है तो वह पट्टाधारक को मान्य होगा।

23. सार्वजनिक सड़क, जलाशय, नहर, रेलवे/रेलवे लाईन, निवसित स्थल से 50 मीटर तथा नदी पर बने पुल से न्यूनतम 200 मीटर की दूरी के अन्दर कोई खनन कार्य नही किया जायेगा।

24. प्रस्तावक पर्यावरण स्वच्छता प्रमाण पत्र प्राप्त कर कार्यालय में जमा करने के उपरान्त खनन पट्टा विलेख निष्पादित कराकर ही खनन कार्य प्रारम्भ करेगा।

25. स्थानीय स्थिति तथा परिवेश को ध्यान में रखते हुए समय–समय पर अन्य शर्तें जो जिलाधिकारी, प्रयागराज एवं निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म, उ0प्र0 द्वारा उचित समझी जायेगी उसे लागू किया जायेगा, जो चयनित आवेदक को मान्य होगी।

26. पट्टा स्वीकृति की कार्यवाही मा0 उच्च न्यायालय, मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण एवं मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के अधीन होगा।

27. खनन स्थल पर निर्धारित विशिष्टियों का तौल मशीन एवं सी0सी0टी0वी0 कैमरा लगवाकर उसका इन्टीग्रेशन कमाण्ड सेन्टर से किया जाना होगा।

11/08/2020

(भानु चन्द्र गोस्वामी)
जिलाधिकारी, प्रयागराज।

पत्रांक /खनिज/2020–21 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सचिव, भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
3. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, प्रयागराज को एम.एस.टी.सी. लि0 के वेब पोर्टल www.mstcecommerce.com पर अपलोड करने हेतु।

(भानु चन्द्र गोस्वामी)
जिलाधिकारी, प्रयागराज।

True copy

Scanned with CamScanner

ANNEXURE R-3

State Level Environment Impact Assessment Authority, Uttar Pradesh

Directorate of Environment, U.P.
Vineet Khand-1, Gomti Nagar, Lucknow - 226 010
Phone : 91-522-2300 541, Fax : 91-522-2300 543
E-mail : docuplko@yahoo.com
Website : www.seiaaup.com

To,

Shri Ravi Shankar Shukla
S/o Shri Parmanand Shukla,
Sarai Kaji Kadan Urf Miyapur,
Line Bazar, Jaunpur.

Ref. No. 1025 /Parya/SEIAA/3987/2020 Date: 15 October, 2020

Sub: **Transfer of Environmental Clearance for Sand Mining from River bed of Yamuna River at Khand No.-16, at Village- Madauka, Meerakpur and Mahewapatti (Paschim),Tehsil- Karchhana, District- Allahabad. (Leased Area-8.0 Ha), M/s Raj Construction File No. 3987**

Dear Sir,

Please refer to your application dated 04-09-2020 and an undated letter received in this office on 07-09-2020 addressed to the SEAC, Director & Secretary, Directorate of Environment, U.P., Lucknow on the subject as above. The case was considered in SEIAA meeting held on 24-09-2020.

SEIAA gone through the undated letter of Shri Ravi Shankar Shukla dated 14.08.2020 regarding transfer of Environmental Clearance to the above project issued vide letter no. 222/Parya/SEAC/3987/2018 date 08.03.2018. SEIAA gone through file and documents and noted that the Environmental Clearance was issued to Smt. Sunita Singh W/o Shri Raviraj Singh, H. No. 53A, Shakti nagar Chaka, FCI, Karchchana, Allahabad for a period of 5 years. SEIAA noted that the previous lease issuedto Smt. Sunita Singh vide letter no. 1629/Khanij/2017-18 dated 12.12.2017 for a period of 5 years was cancelled vide DM, Prayagraj order no. 1992/Khanij/E-nilamiBalu/2019-20 dated 17.02.2020 and another LOI was issued to Shri Ravi Shankar Shukla S/o Shri Parmanand Shukla, Sarai Kaji Kadan Urf Miyapur, Line Bazar, Jaunpur vide letter no. 907/Khanij/2020-21 dated 11.08.2020 for a period of 5 years. SEIAA opined to transfer Environmental Clearance issued vide letter no. 222/Parya/SEAC/3987/2018 date 08.03.2018from Smt. Sunita Singh W/o Shri Raviraj Singh, H. No. 53A, Shakti nagar Chaka, FCI, Karchchana, Allahabad to Shri Ravi Shankar Shukla S/o Shri Parmanand Shukla, Sarai Kaji Kadan Urf Miyapur, Line Bazar, Jaunpur for remaining period i.e upto 07.03.2023. Validity of Environmental Clearance shall be extended after receiving certificate from the competent authority that mining was not conducted on previous EC after 08.03.2018. Rest all the content of Environmental Clearance letter shall remain same.

Rest all the content of Environmental Clearance letter no 222/Parya/SEAC/3987/2018 date 08.03.2018 shall remain the same.

(Ashish Tiwari)
Member Secretary, SEIAA

Ref. No...../Parya/SEAC/3987/2018 Dated: As above

Copy for Information and necessary action to:

1. The Principal Secretary, Environment, U.P. Govt., Lucknow.
2. Advisor, IA Division, Ministry of Environment, Forests & Climate Change, Govt. of India, Indira Paryavaran Bhawan, Jor Bagh Road, Aliganj, New Delhi.
3. Additional Director, Regional Office, Ministry of Environment & Forests, (Central Region), Kendriya Bhawan, 5th Floor, Sector-H, Aliganj, Lucknow.
4. The Member Secretary, U.P. Pollution Control Board, TC-12V, Paryavaran Bhawan, Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow.
5. District Magistrate, Allahabad, U.P.
6. Director, Department of Geology & Mining, U.P. Lucknow.
7. Copy for Web Master/Guard file.

(Ashish Tiwari)
Member Secretary, SEIAA

True copy

ANNEXURE R-4

7

सत्यमेव जयते

INDIA NON JUDICIAL

Government of Uttar Pradesh

e-Stamp

Certificate No.	:	IN-UP50200383702345T
Certificate Issued Date	:	29-Nov-2021 05:04 PM
Account Reference	:	SHCIL (FI)/ upshcil01/ ALLAHABAD1/ UP-AHD
Unique Doc. Reference	:	SUBIN-UPUPSHCIL01903083674036O4T
Purchased by	:	RAVI SHANKAR SHUKLA SON OF PARMANAND SHUKLA
Description of Document	:	Article 35 Lease
Property Description	:	YAMUNA RIVER KHAND NO-16 ORDINARY SAND VILL MADAUKA MEERAKPUR MAHEWAPATTI (W) TEH KARCHANA PRAYAGRAG
Consideration Price (Rs.)	:	
First Party	:	DISTRICT MAGISTRATE PRAYAGRAJ
Second Party	:	RAVI SHANKAR SHUKLA SON OF PARMANAND SHUKLA
Stamp Duty Paid By	:	RAVI SHANKAR SHUKLA SON OF PARMANAND SHUKLA
Stamp Duty Amount(Rs.)	:	54,63,360 (Fifty Four Lakh Sixty Three Thousand Three Hundred And Sixty only)

LOCKED BY S.R. Kartikeya

Please write or type below this line

मिथिलेश कुमार पाण्डेय
खान अधिकारी
प्रयागराज

(हर्ष देव पाण्डेय)
अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)
प्रयागराज

(संजय कुमार खत्री)
जिलाधिकारी
प्रयागराज

Ravi Shankar Shukl

RS 00 2

Statutory Alert:
1. The authenticity of this Stamp certificate should be verified at 'www.shcilestamp.com' or using e-Stamp Mobile App of Stock Holding. Any discrepancy in the details on this Certific e website / Mobile App renders it invalid.
2. The onus of checking the legitimacy is on the
3. In case of any discrepancy please inform the

True copy

(2)

प्रपत्र एम0एम0– 6
(नियम–29)

खनन के लिए ई–निविदा सह ई–नीलाम पट्टे का आदर्श प्रपत्र

यह अनुबन्ध आज.....बुधवार..... दिनांक 01/12/2021 को उत्तर प्रदेश के राज्यपाल (जिन्हें आगे "राज्य–सरकार" कहा गया है, जिस पदावधि के अन्तर्गत यदि संदर्भ से ऐसा ग्राहय हो, उत्तराधिकारी तथा अभिहस्तांकिती भी समझे जायेंगे), ———एक पक्ष

और

श्री रविशंकर शुक्ला पुत्र श्री परमानन्द शुक्ला निवासी सरायंकाजी कादन उर्फ मियॉपुर, थाना–लाईन बाजार, जनपद–जौनपुर (जिसे आगे "पट्टेदार" कहा गया है, जिस पदावधि के अन्तर्गत, यदि सन्दर्भ से ऐसा ग्राहय हो, उसके दायाद, निष्पादक, प्रशासक तथा प्रतिनिधि भी समझे जायेंगे)

——द्वितीय पक्ष

उत्तर प्रदेश उपखनिज (परिहार) नियमावली–2021 (जिसे आगे "उक्त नियमावली" कहा गया है) के अनुसार किये गये ई–निविदा सह ई–नीलामी में पट्टेदार/पट्टेदारों को बोली का वार्षिक आंकलित खनन योग्य साधारण बालू की 94,000.00 घनमीटर (चौरान्बे हजार घनमीटर) मात्रा के खनन एवं परिवहन के लिए रू0 238.00 प्रति घनमीटर की दर से प्रथम वर्ष हेतु निर्धारित नीलामी पट्टा की सकल धनराशि रू0 2,23,72,000.00 (दो करोड़ तेइस लाख बहत्तर हजार रूपये) एवं अनुवर्ती/आगामी वर्षो में प्रत्येक वर्ष पिछले वर्ष की नीलामी की धनराशि पर 10.00 प्रतिशत की वृद्धि करते हुये नीलामी पट्टा की धनराशि निर्धारित करने के आधार पर ई–निविदा के प्रस्ताव/ ई–नीलामी की बोली को राज्य सरकार द्वारा नीलामी पट्टे के लिए पॉच वर्षो के निमित्त एतद्धीन लिखित अनुसूची के भाग–1 में वर्णित भूमि के सम्बन्ध में 8.00 हेक्टेयर के लिए स्वीकार कर लिया गया है।

उक्त क्षेत्र से साधारण बालू का खनन व परिवहन करने हेतु निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या–1401/मा0 प्लान/2017 दिनांक 27.11.2020 द्वारा अनुमोदित खनन योजना एवं State Level Environment Impact Assessment Authority, U.P. Lucknow के पत्र संख्या–405/Parya/SEIAA/3987/2020 दिनांक 15.10.2021 **(स्वच्छता प्रमाण पत्र की वैधता 05 वर्षीय पट्टावधि के मध्य ही दिनांक 07.03.2023 को समाप्त हो जायेगी। अतः स्वच्छता प्रमाण पत्र की वैधता समाप्ति के पूर्व अद्यतन स्वच्छता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा)** द्वारा सा0 बालू की मात्रा 94,000 घनमीटर प्रति वर्ष खनन एवं परिवहन के लिए स्वच्छता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है।

यह इसका साक्ष्य है कि इस उपस्थापन–पत्र और निम्नलिखित अनुसूची द्वारा रक्षित और उसमें दिये गये और पट्टेदार/पट्टेदारों की ओर से भुगतान किये जाने वाले, पालन तथा सम्पादन किये जाने वाले स्वामित्वों, प्रसंविदाओं तथा अनुबन्धों के प्रतिफल में राज्य सरकार एतद्द्वारा पट्टेदार/पट्टेदारों को निम्नलिखित प्रदान और पट्टान्तरित करता है।

साधारण बालू (जिन्हें आगे और अभिदिष्ट अनुसूची में "उक्त" "खनिज" कहा गया है), की समस्त खान, तल्प (beds) संदर सीम्स (veins seams) जो उक्त अनुसूची के भाग–1 में अभिदिष्ट भूमि में या उसके नीचे स्थित हो, के साथ, जिसके सम्बन्ध में उन प्रतिबन्धों तथा शर्तों के अधीन रहते हुए प्रयोग या उपयोग किया जायेगा जो ऐसी स्वतंत्रताओं, अधिकारों तथा विशेषाधिकारों के प्रयोग तथा उपयोग करने के बारे में हों सिवाय इसके और इसमें से आरक्षित उक्त नियमावली में उल्लिखित स्वतंत्रताओं, अधिकार तथा विशेषाधिकार राज्य सरकार में पट्टान्तरित हो जायेंगे।

मिथिलेश कुमार पाण्डेय
खान अधिकारी
प्रयागराज

(हर्ष देव पाण्डेय)
अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)
प्रयागराज

(संजय कुमार खत्री)
जिलाधिकारी
प्रयागराज

True copy

आवेदन सं०: 202100892015517

पट्टा अनुबंध विलेख

बही सं०: 1 रजिस्ट्रेशन सं०: 12666 वर्ष: 2021

प्रतिफल- 0 स्टाम्प शुल्क- 5463360 बाजारी मूल्य - 0 पंजीकरण शुल्क - 1365840 प्रतिलिपिकरण शुल्क - 60 योग : 1365900

श्री रवि शंकर शुक्ला ,
पुत्र श्री परमानन्द शुक्ला
व्यवसाय : व्यापार
निवासी: सराय कांजी कादन उर्फ़ मियांपुर थाना लाइन बाज़ार जनपद जौनपुर

ने यह लेखपत्र इस कार्यालय में दिनाँक 03/12/2021 एवं 12:27:46 PM बजे निबंधन हेतु पेश किया।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

शिवेन्द्र कुमार सिंह
उप निबंधक :करछना
प्रयागराज
03/12/2021

माया शंकर विश्वकर्मा
निबंधक लिपिक

सत्यमेव जयते

True copy

दिनांक 01/12/2021 से दिनांक 30/11/2026 तक पाँच वर्ष की आगामी अवधि के लिए पट्टेदार/पट्टेदारों की एतद्द्वारा दिये गए और पदान्तरित ऐसे भू–गृहादि धारण करना, जिनसे खनिज निकलने लगे और राज्य सरकार को उक्त अनुसूची के भाग–2 में उल्लिखित स्वामित्वों का भुगतान उसमें निर्दिष्ट भिन्न–भिन्न समयों पर होने लगे, किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि ऐसा उक्त भाग के उपबन्धों के अधीन हो और पट्टेदार एतद्द्वारा राज्य सरकार के साथ प्रसंविदा करता है/करते हैं और राज्य सरकार एतद्द्वारा पट्टेदार/पट्टेदारों के साथ प्रसंविदा करती है, जैसा कि उक्त नियमावली में अभिव्यक्त है और एतद्द्वारा इसके साथ दिये गये पक्षों की बीच परस्पर सहमत हुआ है और जैसा कि उक्त अनुसूची के भाग–3 में अभिव्यक्त है।

(ऊपर अभिदिष्ट अनुसूची)

भाग–1

इस पट्टे का क्षेत्र

पट्टे का स्थान और क्षेत्रः– वह समस्त भूखण्ड, जो जिला–प्रयागराज में तहसील–**करछना** के अन्तर्गत **यमुना नदी स्थित खण्ड संख्या–16 (ग्राम–मड़ौका, मीरकपुर, महेवा पट्टी पश्चिम)** क्षेत्रफल–8.00 हेक्टेयर जो यहाँ संलग्न नक्शें में चिन्हित है और उसे लाल स्याही से रंजित (Coloured) किया गया है जिसकी सीमाएं निम्नलिखित हैः–

चौहद्दी

उत्तर में	– यमुना नदी का शेष भाग
दक्षिण में	– यमुना नदी का शेष भाग
पूरब में	– यमुना नदी का शेष भाग
पश्चिम में	– यमुना नदी का शेष भाग

और जिसे एतद्द्वारा 'उक्त भू–खण्ड' कहा गया है।

क्षेत्र का कोऑर्डिनेट

बिन्दु संख्या	अक्षांश	देशान्तर
A	25^0 24.614' N	81^0 49.506'E
B	25^0 24.720' N	81^0 49.410'E
C	25^0 24.831' N	81^0 49.576'E
D	25^0 24.718' N	81^0 49.663'E

भाग–2

इस पट्टे द्वारा संरक्षित स्वामित्व

स्वामित्व की धनराशिः (1) पट्टेदार, इस पट्टे की अवधि में राज्य सरकार को पट्टे पर दिये गये क्षेत्र में उसके/उनके द्वारा हटाये गये सभी **साधारण बालू** (उपखनिज) के सम्बन्ध में निम्नलिखित स्वामित्व का भुगतान करेगा/करेंगेः–

मिथिलेश कुमार पाण्डेय
खान अधिकारी
प्रयागराज

(हर्ष देव पाण्डेय)
अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)
प्रयागराज

(संजय कुमार खत्री)
जिलाधिकारी
प्रयागराज

Ravi Shankar Pk

True copy

आवेदन सं०: 202100892015517

बही स०: 1 रजिस्ट्रेशन स०: 12666 वर्ष: 2021

निष्पादन लेखपत्र वाद सुनने व समझने मजमुन व प्राप्त धनराशि रु प्रलेखानुसार उक्त

पट्टा दाता: 1

इस बात से संतुष्ट हो जाने पर कि इस लेखपत्र का निष्पादन
श्री संजय कुमार खत्री, जिलाधिकारी
ने अपने पद के अधिकार से किया है इसलिए उनकी उपस्थिति और हस्ताक्षरों की आवश्यकता नहीं हैं और लेखपत्र रजिस्ट्रीकरण के लिए स्वीकार किया गया।

पट्टा गृहीता: 1

श्री रवि शंकर शुक्ला, पुत्र श्री परमानन्द शुक्ला
निवासी: सराय कांजी कादन उर्फ़ मियांपुर थाना लाइन बाज़ार जनपद जौनपुर
व्यवसाय: व्यापार Ravi Shankar Shukla

ने निष्पादन स्वीकार किया। जिनकी पहचान

पहचानकर्ता : 1

श्री रविन्द्र सिंह , पुत्र श्री रामानन्द सिंह
निवासी: राप्ती नगर, फेज १ गोरखपुर
व्यवसाय: अन्य

पहचानकर्ता : 2

श्री पंकज शुक्ला , पुत्र श्री रवि शंकर शुक्ला
निवासी: सराय कांजी कादन उर्फ़ मियांपुर थाना लाइन बाज़ार जनपद जौनपुर
व्यवसाय: अन्य



रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

शिवेन्द्र कुमार सिंह
उप निबंधक : करछना
प्रयागराज

ने की। प्रत्यक्षत:भद्र साक्षियों के निशान अंगूठे नियमानुसार लिए गए है।
टिप्पणी :

माया शंकर विश्वकर्मा
निबंधक लिपिक

सत्यमेव जयते

True copy

माह	प्रतिशत %	प्रथम वर्ष	द्वितीय वर्ष	तृतीय वर्ष	चतुर्थ वर्ष	पंचम वर्ष
1	2	3	4	5	6	7
Dec	20	4474400	4921840	5414024	5955428	6550970
Jan	10	2237200	2460920	2707012	2977714	3275485
Feb	10	2237200	2460920	2707012	2977714	3275485
Mar	10	2237200	2460920	2707012	2977714	3275485
April	10	2237200	2460920	2707012	2977714	3275485
May	10	2237200	2460920	2707012	2977714	3275485
June	10	2237200	2460920	2707012	2977714	3275485
July	–	–	–	–	–	–
Aug	–	–	–	–	–	–
Sept	–	–	–	–	–	–
Oct	10	2237200	2460920	2707012	2977714	3275485
Nov	10	2237200	2460920	2707012	2977714	3275485
कुल योग		22372000	24609200	27070120	29777140	32754854

स्वामित्व कटौती आदि मुक्त होंगे: (2) इस भाग में उल्लिखित स्वामित्व की किश्तों का भुगतान बिना किसी कटौती के राज्य सरकार को जनपद–प्रयागराज के सरकारी कोषागार में जमा करके किया जायेगा तथा चालान की एक प्रति जिलाधिकारी को भेजी जायेगी।

स्वामित्वों का समय पर भुगतान न किया जाये तो कार्यवाही की प्रक्रिया: (3) यदि इस उपस्थापन–पत्र (presentation) की शर्तों और प्रतिबन्धों के अधीन राज्य सरकार को देय स्वामित्व की किसी किश्त का भुगतान पट्टेदार/पट्टेदारों द्वारा नियत समय के भीतर न किया जाये तो उसे ऐसे अधिकारी के, जिसे राज्य सरकार सामान्य या विशिष्ट आज्ञा द्वारा निर्दिष्ट करें, प्रमाण पत्र पर उसी रीति से वसूल की जा सकती है जैसे मालगुजारी का बकाया।

भाग–3
सामान्य उपबन्ध

नियमों, प्रसंविदाओं और शर्तो के भंग करने पर पट्टा समाप्त किया जा सकता है : (1) यदि पट्टेदार उ0प्र0 उपखनिज (परिहार) नियमावली–2021 के किसी नियम या इस पट्टे की किसी प्रसंविदा तथा किसी शर्त को भंग करे तो राज्य सरकार पट्टा समाप्त कर सकती है और प्रतिभूति जमा को पूर्णतः या अंशतः जब्त कर सकती है, किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि पट्टा समाप्त किए जाने के पूर्व पट्टेदार/पट्टेदारों को उन्हें भंग करने का स्पष्टीकरण देने के लिए यथोचित अवसर दिया जाएगा।

पट्टेदार, पट्टे की समाप्ति पर अपनी सम्पत्तियों को हटाएगा/हटायेंगे : (2) पट्टेदार इस उपस्थापन पत्र के आधार पर देय स्वामित्व का पहले भुगतान और उन्मोचन कर चुकने पर उक्त अवधि की समाप्ति पर उसकी शीघ्रतर समाप्ति पर या तत्पश्चात तीन कलेण्डर मास के भीतर (जब तक कि पट्टा इस भाग के खण्ड–1 के अधीन समाप्त न कर दिया जाए) और उस दशा में किसी समय ऐसी समाप्ति के कम से कम एक कलेण्डर मास में और अधिक से अधिक तीन कलेण्डर मास में अपने लाभ के लिए ऐसे सभी या किसी इंजन, मशीन, संयत्र, भवन संरचनायें और अन्य निर्माण कार्य और अस्थायी आवास स्थानों (conveniences) को उखाड़ सकता है/सकते हैं और हटा सकता है/सकते हैं, जो उक्त भूमि में या उस पर पट्टेदार/पट्टेदारों द्वारा रखे गये हों।

मिथिलेश कुमार पाण्डेय
खान अधिकारी
प्रयागराज

(हर्ष देव पाण्डेय)
अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)
प्रयागराज

(संजय कुमार खत्री)
जिलाधिकारी
प्रयागराज

True copy

पट्टे की समाप्ति के पश्चात् तीन मास से अधिक समय तक छोड़ी गयी सम्पत्ति की जब्तीः (3) यदि उक्त अवधि की समाप्ति या उसके शीघ्रतर समाप्ति के प्रभावी होने के पश्चात् तीन कलेण्डर मास के अन्त में उक्त भूमि या उस पर कोई इंजन, मशीन, संयत्र, भवन संरचनायें तथा अन्य निर्माण कार्य और अस्थायी आवास स्थान या अन्य सम्पत्ति रहे तो उनके सम्बन्ध में, यदि वे ऐसे लिखित नोटिस देने के पश्चात् जिसमें जिलाधिकारी द्वारा पट्टेदार/पट्टेदारों से उन्हें हटाने की अपेक्षा की गयी हो, एक कलेण्डर मास के भीतर पट्टेदार/पट्टेदारों द्वारा न उठाये जायें, तो यह समझा जायेगा कि वे राज्य सरकार की सम्पत्ति हो गयी है और किसी प्रतिकर का भुगतान किये बिना या उसके सम्बन्ध में पट्टेदार/पट्टेदारों को कोई हिसाब दिये बिना, उसकी बिक्री या निस्तारण ऐसे रीति से किया जा सकता है, जो राज्य सरकार उचित समझें।

नोटिसः (4) इस उपस्थापन–पत्र द्वारा पट्टेदार/पट्टेदारों को दिये जाने के लिए अपेक्षित प्रत्येक नोटिस उक्त भूमि पर रहने वाले ऐसे व्यक्ति को लिखित रुप में दिया जायेगा, जिसे पट्टेदार ऐसे नोटिस प्राप्त करने के प्रयोजन के लिए नियुक्त करे/करें, और यदि इस प्रकार कोई नियुक्ति न की गयी हो तो ऐसी प्रत्येक नोटिस पट्टेदार/पट्टेदारों को रजिस्टर्ड डाक द्वारा इस पट्टे में उसके/उनके अभिलिखित पते पर या भारत में ऐसे पते पर भेजा जायेगा जिसे पट्टेदार समय–समय पर लिखित रूप में राज्य सरकार को नोटिसों की प्राप्ति करने के लिए दे/दें और प्रत्येक ऐसी तामील पट्टेदार/पट्टेदारों पर उचित तथा वैध तामील समझी जायेगी और उसके सम्बन्ध में उसके/उनके द्वारा न तो आपत्ति की जायेगी और न तो उपाहूत (challenged) किया जायेगा।

अतिरिक्त शर्त :–

1. वन अनापत्ति प्रमाण पत्र, अनुमोदित खनन योजना तथा पर्यावरण स्वच्छता प्रमाण पत्र में उल्लिखित सभी शर्तों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।
2. उत्तर प्रदेश उपखनिज (परिहार) नियमावली–2021 में उल्लिखित सभी शर्तों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।
3. साधारण बालू (उपखनिज) का परिवहन प्रपत्र ई–एम0एम011 के माध्यम से किया जायेगा।
4. पट्टेदार उक्त नियमावली–2021 के नियम–75 के तहत पूर्ववर्ती त्रैमास के सम्बन्ध में प्रत्येक वर्ष जुलाई, अक्टूबर, जनवरी और अप्रैल के द्वितीय सप्ताह के अन्त तक प्रपत्र एम0एम0–12 में जिलाधिकारी और निदेशक के क्षेत्रीय कार्यालय को त्रैमासिक विवरणी प्रस्तुत करेगा। विनिर्दिष्ट समय के भीतर त्रैमासिक विवरणी प्रस्तुत करने में विफल होने पर रूपया–2,000.00 की शास्ति का भागी होगा।
5. पट्टेदार नदी तल में तीन मीटर की गहराई अथवा जलस्तर, जो भी कम हो, के परे कोई खनन संक्रियायें नहीं करेगा और कोई खनन, जिलाधिकारी द्वारा ऐसे परिभाषित किये गये सुरक्षा क्षेत्र में नहीं किया जायेगा।
6. पट्टाधारक नियमानुसार 2 प्रतिशत के समतुल्य धनराशि आयकर (टी0सी0एस0) के मद में एवं 10 प्रतिशत के समतुल्य धनराशि जिला खनिज फाउन्डेशन न्यास (डी0एम0एफ0), प्रयागराज के मद में जमा करेगा।
7. पट्टाधारक स्वयं के व्यय पर ऐसे सीमा चिन्ह को और खम्भे को तथा पट्टे से सम्बन्धित सूचना बोर्ड परिनिर्मित करेगा और सदैव अनुरक्षित करेगा और अच्छी स्थिति में रखेगा, जो पट्टाविलेख से संलग्न नक्शे में दर्शाये गये सीमांकन को इंगित करने के लिए आवश्यक हो।
8. नियमावली–2021 के नियम–60(2) नियम–35 के अधीन उपबन्धित उपबंधों के अनुसार जारी अनुमोदित खनन योजना और पर्यावरण अनापत्ति प्रमाण पत्र में उल्लिखित निबन्धन एवं शर्तों का उल्लंघन करते हुये जो पट्टेदार खनन कार्य करता है वह चूक के प्रति अवसर के अनुसार 50,000.00 (पचास हजार रू0) रूपये की दर से ऐसी शास्ति के लिये दायी होगा, जिसकी वसूली जिला मजिस्ट्रेट द्वारा की जायेगी।

मिथिलेश कुमार पाण्डेय
खान अधिकारी
प्रयागराज

(हर्ष देव पाण्डेय)
अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)
प्रयागराज

(संजय कुमार खत्री)
जिलाधिकारी
प्रयागराज

True copy

9. **नियमावली–2021 के नियम–60(3)** यदि पट्टाधारक, नियम–36 के उपबन्धों का उल्लंघन करता है तो प्रत्येक चूक के लिये प्रतिदिन 25,000.00 (पच्चीस हजार रू0) रूपये की दर से शास्ति, सम्बन्धित जिला मजिस्ट्रेट द्वारा उदगृहीत की जायेगी। ऐसी उदगृहीत शास्ति को जमा करने पर चूक की दशा में उक्त धनराशि की कटौती सम्बन्धित जिला मजिस्ट्रेट उक्त खनन पट्टा के सापेक्ष जमा की गयी प्रतिभूति की धनराशि से करेगा।
10. **नियमावली–2021 के नियम–60(4)** नियम–42(ज) के अधनी उपबन्धित उपबन्धों के अनुसार जल धारा में सक्शन मशीन/लिफ्टर के माध्यम से खनन कार्य निषिद्ध होगा। यदि कोई पट्टाधारक उक्त नियमों के उपबन्धों का उल्लंघन करता पाया जाता है, तो प्रत्येक अवसर पर 5,00,000.00 (पॉच लाख) रूपये की दर से शास्ति के लिये दायी होगा, जो जिला मजिस्ट्रेट या निदेशक के आदेश पर वसूला जायेगा। शास्ति की उपरोक्त उल्लिखित धनराशि को जमा करने में विफल होने पर उस धनराशि को जिला मजिस्ट्रेट द्वारा संबंधित पट्टे के सापेक्ष जमा की गयी प्रतिभूति धनराशि से कटौती की जायेगी।
11. **नियमावली–2021 के नियम–60(5)** खनन पट्टाधारण करने वाला कोई पट्टेदार, जो नियम–45 में उपबन्धित की गयी किसी शर्त को भंग करे, 50,000.00 (पचास हजार) रूपये की शास्ति/उद्ग्रहण के लिये दायी होगा। शास्ति की उक्त धनराशि को जमा करने में विफल होने पर उक्त धनराशि की जिला मजिस्ट्रेट द्वारा सम्बन्धित पट्टे के सापेक्ष जमा की गयी प्रतिभूति धनराशि से कटौती कर ली जायेगी।
12. **नियमावली–2021 के नियम–60(6)** जहॉ पट्टाधारक विहित लोडिंग सन्नियमों की पुष्टि करने में विफल हो जाय, वहॉ ऐसे प्रत्येक चूक की दशा में जिला मजिस्ट्रेट द्वारा रू0 25,000.00 (पचीस हजार) की शास्ति अधिरोपित की जायेगी। उक्त शास्ति को जमा करने में विफल रहने पर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा सम्बन्धित पट्टे के सापेक्ष जमा की गयी प्रतिभूति धनराशि से कटौती कर ली जायेगी।
13. **नियमावली–2021 के नियम–61(1)** पट्टेदार द्वारा इन नियमों या पट्टे में दी गई या दी गई समझी, जाने वाली शर्तों और प्रसंविदाओं के, सिवाय उनके, जो स्वामित्व, भाटक या राज्य सरकार को देय अन्य धनराशियों के भुगतान से सम्बन्धित हो, भंग या उल्लंघन किये जाने की दशा में राज्य सरकार पट्टेदार को अपना मामला बताने की युक्ति युक्त अवसर प्रदान करने के पश्चात पट्टा समाप्त कर सकती है। यह अधिकार नियम–60 के उपबन्धों के अतिरिक्त होगा और इसका उस पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।
14. **नियमावली–2021 के नियम–61(2)** यदि उप नियम–(1) अथवा नियम–59 के अधीन पट्टा समाप्त कर दिया जाता है तो पट्टेदार का नाम जिला अधिकारी द्वारा दो वर्ष से अनधिक ऐसी अवधि के लिए जैसा कि वह उचित समझें, काली सूची में डाल सकता है, जो विभाग की वेबसाइट पर अपलोड की जायेगी और ऐसी अवधि के दौरान उसको इस नियमावली के अधीन कोई खनिज परिहार अनुमन्य नहीं होगा। इस सम्बन्ध में, यथास्थिति खनन पट्टे के रजिस्टर में या नीलाम रजिस्टर के अभ्युक्ति वाले स्तम्भ में एक प्रविष्टि अंकित कर दी जायेगी।
15. **नियमावली–2021 के नियम–61(3)** खनन पट्टाधारक को छोड़कर अन्य व्यक्ति अथवा इकाई, जिस पर अवैध खनन/परिवहन का आरोप सिद्ध पाया जाता है तो शास्ति/दण्ड के अतिरिक्त ऐसे व्यक्ति या इकाई का नाम राज्य सरकार द्वारा काली सूची में डाला जायेगा जो विभाग की वेबसाइट पर अपलोड तथा प्रदर्शित की जायेगी और ऐसी अवधि में उक्त व्यक्ति या इकाई के पक्ष में इस नियमावली के अधीन कोई खनिज पट्टा स्वीकृत नहीं किया जायेगा।
16. पट्टाधारक, जिनका खनन पट्टा क्षेत्र 05 हे0 से अधिक है, परिवहन के निगरानी के लिए, स्वयं के व्यय पर 360 डिग्री दृश्यता रिकार्डिंग के योग्य चार सी0सी0टी0वी0 कैमरा लगाने सहित एक चेक पोस्ट/गेट का निर्माण करेगा। पट्टाधारक उक्त चेक पोस्ट/गेट पर आर0एफ0आई0डी0 स्कैनर भी रखेगा, जिससे पट्टाकृत क्षेत्र से खनिजों के परिवहन हेतु प्रयुक्त प्रत्येक वाहन के सापेक्ष निर्गत किये गये प्रपत्र ई–एम0एम0 11 पर अंकित बार कोड का डाटा पढ़ा जा सके, और उसका समुचित रुप से रख–रखाव करेगा एवं सदैव उसे चालू रुप में अनुरक्षित रखेगा। पट्टाधारक उक्त सभी सी0सी0टी0वी0 कैमरे और आर0एफ0आई0डी0 स्कैनरों द्वारा की गयी समस्त रिकार्डिंग को कम से कम 30 दिन तक रखेगा और नियम–66 के उपबन्धों के अधीन यथा उपबन्धित प्राधिकृत अधिकारी के समक्ष उक्त रिकार्डिंग उपलब्ध करायेगा।

मिथिलेश कुमार पाण्डेय
खान अधिकारी
प्रयागराज

(हर्ष देव पाण्डेय)
अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)
प्रयागराज

(संजय कुमार खत्री)
जिलाधिकारी
प्रयागराज

True copy

